मेट्रो प्रॉजेक्ट के लिए NMRC को गाइड करेगी DMRC

■ प्रस, नोएडा : नोएडा से ग्रेनो वेस्ट तक बनने वाली एक्वालाइन मेट्रो प्रॉजेक्ट के लिए एनएमआरसी को डीएमआरसी हर प्रकार से टेक्निकल सपोर्ट करेगी। साथ ही प्रॉजेक्ट शुरू होने से लेकर पूरा होने तक हर प्रकार से गाइड भी करेगी। शुक्रवार को एनएमआरसी व डीएमआरसी के बीच एक करार हुआ है। इसमें इस पूरे प्रॉजेक्ट के स्थापित होने तक बतौर कंसल्टेंसी डीएमआरसी अपनी सेवाएं एनएमआरसी को देगी।

बता दें कि एनएमआरसी (नोएडा मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन) का नोएडा ग्रेटर नोएडा का पहला प्रॉजेक्ट डीएमआरसी ने बनाया था, लेकिन इस बार एनएमआरसी नोएडा से ग्रेनो वेस्ट तक बनने वाले इस प्रॉजेक्ट को खुद ही बना रही है। इसके चलते एनएमआरसी ने सिविल वर्क से लेकर मेट्रो लाइन के सभी टेक्निकल काम, स्टाफ की ट्रेनिंग व प्रॉजेक्ट को स्थापित करने के लिए होने वाले काम कराने में डीएमआरसी के साथ कंसल्टेंसी के रूप में सेवाएं लेने के लिए करार किया है। एग्रीमेंट साइन होने के दौरान एनएमआरसी के एग्जीक्युटिव डायरेक्टर प्रवीण मिश्रा, डीएमआरसी के बिजनेस डवलपमेंट डायरेक्टर पीके गर्ग व अन्य लोग शामिल थे। वहीं एनएमआरसी की एमडी रितु माहेश्वरी और डीएमआरसी के एमडी मंगु सिंह ऑनलाइन मौजूद रहे।

टेक्निकल सपोर्ट

- नोएडा से ग्रेनो वेस्ट तक बनेगी एक्वा लाइन
- एनएमआरसी व डीएमआरसी के बीच हुआ करार